हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने कांगड़ा जिला क्षय नियंत्रण कार्यालय, धर्मशाला, रेड रिबन क्लब एवं उन्नत भारत अभियान के सहयोग से विश्वविद्यालय के छात्रों को क्षय रोग के संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में जागरूक करने के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ‘क्षय रोग मुक्त भारत’ के विषय पर ‘नारा लेखन एवं चार्ट रंगोली’ प्रतियोगिताओं का भी आयोजित किया गया। वहीं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पहल प्रोग्राम के माध्यम से स्लम के बच्चों को भी क्षय रोग के बारे में जागरुक किया गया।